Helpline 1064

94135-02834

कार्यालय महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो

(जनसम्पर्क प्रकोष्ठ)

प्रेस नोट

- **प्रतापगढ़ में पुलिस थाना अरनोद का थानाधिकारी पुलिस निरीक्षक एवं उसका दलाल (प्राईवेट व्यक्ति) 8 लाख रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार**

जयपुर, *26 अगस्त, सोमवार।* ए.सी.बी. मुख्यालय के निर्देश पर ए.सी.बी. की प्रतापगढ़ इकाई द्वारा आज कार्यवाही करते हुये **सुरेन्द्र सिंह सोलंकी पुलिस निरीक्षक, थानाधिकारी, पुलिस थाना अरनोद, जिला प्रतापगढ़ एवं उसके दलाल गुड्डू लाल उर्फ कान्तिलाल प्रजापत (प्राईवेट व्यक्ति)** को परिवादी से **8 लाख रुपये** रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक श्री डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि ए.सी.बी. की प्रतापगढ़ इकाई को परिवादी द्वारा शिकायत दी गई कि उसे एन.डी.पी.एस. के मामले में नहीं फंसाने की एवज में आरोपी सुरेन्द्र सिंह सोलंकी पुलिस निरीक्षक, थानाधिकारी, पुलिस थाना अरनोद, जिला प्रतापगढ़ द्वारा उसके दलाल गुड्डू लाल उर्फ कान्तिलाल प्रजापत (प्राईवेट व्यक्ति) के माध्यम से **8 लाख रूपये** रिश्वत राशि की मांग कर परेशान किया जा रहा है।

जिस पर एसीबी उदयपुर के **उप महानिरीक्षक पुलिस श्री राजेन्द्र प्रसाद गोयल** के सुपरवीजन में एसीबी की प्रातपगढ़ इकाई के **अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री विक्रम सिंह परमार** के नेतृत्व में शिकायत का सत्यापन किया जाकर आज मय टीम के ट्रेप कार्यवाही करते हुए आरोपीगण सुरेन्द्र सिंह सोलंकी पुलिस निरीक्षक, थानाधिकारी, पुलिस थाना अरनोद, जिला प्रतापगढ़ एवं उसके दलाल गुड्डू लाल उर्फ कान्तिलाल प्रजापत (प्राईवेट व्यक्ति) को परिवादी से **8 लाख रुपये** रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

एसीबी की **अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस श्रीमती स्मिता श्रीवास्तव** के निर्देशन में आरोपीगण से पूछताछ तथा कार्यवाही जारी है। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जायेगा।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक श्री डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने समस्त प्रदेशवासियों से अपील की है कि भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की ***हैल्पलाईननं.*** **1064** *एवं* ***Whatsapp हैल्पलाईन नं.*** **94135—02834** पर 24X7 सम्पर्क कर भ्रष्टाचार के विरूद्ध अभियान में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें। **एसीबी आपके वैध कार्य को करवाने में पूरी मदद करेगी।**